Roll No. .... Total Pages : 5

MDE/M-21 **10253**

प्रेमचन्द

Paper–X-HI-110
Opt. (IV)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। भाग (क) व भाग (ख) में से **एक-एक** की व्याख्या अनिवार्य है।

भाग-क

(अ) गंगी का विद्रोही दिल रिवाजी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा– हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँचे हैं? इसलिए किये लोग गले में तागा डाल लेते हैं? यहां तो जितने हैं, एक से एक छँटे हैं। चोरी ये करें, जाल-फरेब ये करें, झूठे मुकदमें ये करें। अभी इस ठाकुर ने तो उस दिन बेचारे गड़रिए की भेड़ चुरा ली थी और बाद में मारकर खा गया। इन्हीं पंडित के घर में तो बारहों मास जुआ होता है। यही साहू जी तो घी में तेल मिलाकर बेचते हैं। काम करा लेते हैं, मजूरी देते नानी मरती है।

(ब) कौन नहीं जानता कि समय की पाबन्दी बहुत अच्छी बात है। इससे आदमी के जीवन में संयम आ जाता है, दूसरों का उस पर स्नेह होने लगता है और उसके कारोबार में उन्नति होती है; जरा-सी बात पर चार पन्ने कैसे लिखें? जो बात एक वाक्य में कही जा सके, उसे चार पन्ने में लिखने की

जरूरत? मैं तो इसे हिमाकत समझता हूँ। यह तो समय की किफायत नहीं, बल्कि उसका दुरुपयोग है कि व्यर्थ में किसी बात को ठूंस दिया।

(स) जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिमान समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को पहले दर्जे का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ है या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। गाय सींग मारती हैं, ब्याही हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है। कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है, किन्तु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहो गरीब को मारो, चाहे जैसी खराब, सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी नहीं दिखाई देगी।

भाग-ख

(द) साहित्य जीवन की आलोचना है, इस उद्देश्य से कि उससे सत्य और सुन्दर की खोज की जाए। बाह्य जगत हमारे मन के अन्दर प्रवेश करके एक दूसरा जगत बन जाता है, जिस पर हमारे सुख-दुख, भय-विस्मय, रुचि या अरुचि का गहरा रंग चढ़ा होता है। एक ही तत्व भिन्न-भिन्न हृदयों में भिन्न भाव उत्पन्न करता है। साहित्य की रचना करने वाले तो वही होते हैं जो जगत गति से विशेष रूप से प्रभावित होते हैं, जिनके मन में संसार को कुछ अधिक सुन्दर, कुछ अधिक उत्कृष्ट देखने की महत्वाकांक्षा होती है।

(य) हम बहुधा लड़कों को कोई नया काम करते देखकर घबड़ा जाते हैं। घड़ी छू रहा हैं, कहीं तोड़ न डाले! लड़के ने कलम हाथ में लिया और हां, हां, हां का शोर मचा! ऐसा नहीं होना चाहिए। लड़कों की स्वाभाविक रचनाशीलता को जगाना चाहिए। लड़का खिलौने बनाना चाहे, बेतार का यन्त्र बनाना चाहे, मछली का शिकार करना चाहे, तरकारियां पैदा करना चाहे, कपड़े सीना चाहे, बीन बजाना चाहे, नाटकों में अभिनय करना चाहे, या कविता लिखना चाहे, उसे बाधा मत दो।

(र) साम्प्रदायिकता सदैव संस्कृति की दुहाई दिया करती है। उसे अपने असली रूप में निकलते शायद लज्जा आती है, इसलिए वह गधे की भांति जो सिंह की खाल ओढ़ कर जंगल के जानवरों पर रोब जमाता फिरता था, संस्कृति का खोल ओढ़ कर आती है। हिन्दू अपनी संस्कृति को कयामत तक सुरक्षित रखना चाहता है, मुसलमान अपनी संस्कृति, अब संसार में केवल एक संस्कृति है, न कहीं हिन्दू संस्कृति, न कोई अन्य संस्कृति अब संसार में केवल एक संस्कृति है और वह है आर्थिक संस्कृति, मगर हम आज भी हिन्दू और मुस्लिम संस्कृति का रोना रोए चले जाते हैं। (3×7=21)

2. किन्हीं **तीन** के उत्तर दें :

(क) 'कर्मभूमि' उपन्यास की वर्तमान में प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

(ख) 'कर्मभूमि' उपन्यास के नायक के चरित्र पर सारगर्भित लेख लिखिए।

(ग) प्रेमचन्द की कहानियों के कथ्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) प्रेमचन्द के निबन्धों के शिल्प पर प्रकाश डालिए।

(ङ) हिन्दी उपन्यास में प्रेमचन्द के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(च) प्रेमचन्द साहित्य में गांधीवाद पर प्रकाश डालिए।

(12×3=36)

3. किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणी कीजिए : (प्रत्येक 250 शब्द)

(क) 'कर्मभूमि' में चित्रित अंग्रेजी साम्राज्यवाद।

(ख) प्रेमचन्द की निबन्ध कला।

(ग) 'कर्मभूमि' में चित्रित दलित समस्या।

(घ) प्रेमचन्द की कहानियों की भाषा।

(ङ) साम्प्रदायिकता और संस्कृति निबंध का सार।

(च) 'कफन' कहानी का सार लिखिए।

(छ) प्रेमचन्द की कहानी कला।

(ज) प्रेमचन्द के साहित्य संबंधी विचार। (5×3=15)

4. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं :

(क) 'कर्मभूमि' का नायक कौन है?

(ख) पाठ्यक्रम में प्रेमचन्द के कितने निबन्ध निर्धारित हैं?

(ग) हामिद किस कहानी का पात्र है।

(घ) प्रेमचन्द ने प्रगतिशील लेखक संघ का अध्यक्षीय भाषण कब दिया था।

(ङ) प्रेमचन्द का जन्म व मृत्यु वर्ष लिखिए।

(च) कर्मभूमि उपन्यास पहली बार किस वर्ष में प्रकाशित हुआ।

(छ) 'बड़े भाई साहब' कहानी शिक्षा-प्रणाली पर है या किसान जीवन पर?

(ज) घीसू और माधव का संबंध किस कहानी से है?

(1×8=8)